# वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर (म.प्र.)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

## वर्ष (01 अप्रेल 2024 से 31 मार्च 2025)

**1अप्रैल 2024 को दिव्यांग बच्चों का वसुंधरा विशेष विद्यालय के शिक्षकों ने किया स्वागत**




वसुंधरा विशेष विद्यालय का प्रारंभ प्रतिवर्ष अनुसार **01 अप्रैल 2024** को नये स्थान पर किया गया । वसुंधरा विशेष विद्यालय के शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व संस्था अध्यक्ष उपस्थित रहे । विद्यालय में मानसिक दिव्यांग बच्चो के लिए न्यूनतम कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। यह स्कूल लड़कों तथा लड़कियों दोनो के लिये (सह-शिक्षा) है यह विद्यालय गैर आवासीय है |







# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों साथ नगर पालिका अध्यक्ष आदरणीय प्रिंस राठौर जी ने मनाया अपना जन्मदिवस










**30 जुलाई 2024** को वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में माँ सरस्वती जी की पूजन अर्चन कर व दिव्यांग बच्चों को मिठाई खिलाकर नगर पालिका अध्यक्ष आदरणीय प्रिंस जी राठौर ने अपना जन्मदिवस मनाया और अध्यक्ष महोदय ने दिव्यांग बच्चों को स्कूल में पढ़ने वाली जरूरतों को पूरा करने का भी संस्था को आश्वासन दिया। इस अवसर पर वसुंधरा विशेष विद्यालय के संरक्षण मंडल का गठन भी किया गया और संरक्षण मंडल ने भी आदरणीय प्रिंस जी का केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया । संस्था अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्याँग विद्यार्थियों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी श्री प्रदीप जी साबू, डॉक्टर गगन जी नामदेव, डॉक्टर गौरव जी ताम्रकार, श्रीमति सुनीता सोनी, श्री ऋषिराज जी, श्री एच न वर्मा जी, श्री शैलेंद्र जी चंदेल, श्री मनोज जी जैन, श्री प्रदीप जी नागिया, श्री आर एस मकवाना, श्री सक्षम जी पालीवाल, संस्था कार्यकर्ता,श्री तरुण श्रीवास्तव, श्रीमती अंजना राठौर, श्रीमति अलका सोलंकी व दिव्याँग विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## आज 78वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के पावन अवसर पर वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर में ध्वजारोहण किया

वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में 78वें स्वतंत्रता दिवस **15 अगस्त 2024** पर दिव्यांग बच्चों वा संस्था के पधादिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमे संस्था के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह, विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्याँग विद्यार्थी , श्री ऋषिराज जी, श्री एच न वर्मा जी, श्री आर एस मकवाना , संस्था कार्यकर्ता,श्री तरुण श्रीवास्तव, श्रीमती अंजना राठौर, श्रीमति अलका सोलंकी, श्री शुभम सिमोलिया , श्री कपिल मालवीय, श्री उपदेश भलावी, श्रीमति पिंकी शाक्य उपस्थित रहे ।





# सक्षम संगठन सीहोर ने वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों और संस्कृति अकादमी के बच्चो के साथ मनाया रक्षाबंधन उत्सव

**21 अगस्त 2024** को दिव्यांगों के हित में कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) संगठन जिला सीहोर मध्य भारत प्रांत द्वारा संस्कृति एकेडमी, चिंताहरण कालोनी, गणेश मंदिर रोड, सीहोर में दिव्यांग बच्चों के साथ समावेशी रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित मुख्य वक्ता श्रीमति उषा जी शर्मा सेवानिवृत्त महिला बाल विकास, मुख्य अतिथि श्रीमती उमा जी पालीवाल, अध्यक्षता श्रीमती सुनीता सोनी जी प्राचार्य संस्कृति एकेडमी व विशेष अतिथि श्रीमती हर्षा जी राठौर, श्री ऋषिराज जी शर्मा द्वारा किया गया । संस्कृति एकेडमी के बच्चों ने सरस्वती वंदना की एवं अथितियों व वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों का स्वागतगीत से स्वागत किया। इसके पश्चात सक्षम ज़िला अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह जी द्वारा संगठन के कार्यों को साझा किया एवं दिव्यांगजनों को मुख्य धारा में लाकर एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए अपने योगदान देने की बात कही।










तत्पश्यात् सक्षम जिला उपाध्यक्ष श्री हरि नारायण जी वर्मा ने सक्षम के कार्य उद्देश्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दिव्यंगो की सहभागीता हेतु सहयोग के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। सक्षम सभी 21 प्रकार की दिव्यांगता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सक्षम संगठन द्वारा रक्षाबंधन उत्सव दिव्यांगजनों के बीच मनाया जाता है जिससे हम दिव्यांगजानो की सेवा व रक्षा कर सके ।

मुख्य वक्ता श्रीमति उषा जी शर्मा ने दिव्यांगजन व नारी शक्ति को सशक्त बनाने हेतु प्रेरणा दी। इसके उपरांत हर्षोल्लास के साथ सभी अतिथियों व विद्यार्थियों ने वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को राखी बांधी गई। सभी बहुत आनंदित हुए, कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों को गिफ्ट, पेन, कॉपी, चॉकलेट एवं फल वितरित किए।

इस अवसर पर सक्षम के जिला सचिव प्रदीप नागिया जी, जिला सह कोषाध्यक्ष श्री कमल धनगर, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री कमलेश राठौर, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री आर.एस. मकवाना, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री तरुण श्रीवास्तव, श्री मनोज जी जैन, श्रीमति अंजना राठौर, श्रीमती अल्का सोलंकी, विद्यालय शिक्षक परिवार व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रदीप जी नागिया ज़िला सचिव द्वारा किया गया|

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा वसुंधरा विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन उत्सव












**23 अगस्त** को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन व सेवा भारती सीहोर द्वारा वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन अन्तर्गत संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में दिव्यांग बच्चों के साथ समावेशी रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभअतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति राजकुमारी जी पालीवाल, अध्यक्षता श्रीमती ज्योति जी अग्रवाल, विशेष अतिथि श्रीमति मंजु अग्रवाल, विशेष अतिथि डॉ पुष्पा कनोजिया, विशेष अतिथि श्रीमती अंजू अग्रवाल, विशेष अतिथि श्रीमति शशि अग्रवाल, व विशेष अतिथि श्रीमति सीमा मित्तल जी का वसुंधरा की महिला कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने संस्था द्वारा दिव्यांगजनों की सेवाओ व अन्य कार्यों से अवगत कराया। इसके उपरांत हर्षोल्लास के साथ सभी अतिथियों द्वारा दिव्यांग बच्चों को राखी बांधी गई। कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों को गिफ्ट, पेन, कॉपी, चॉकलेट एवं स्वल्पाहार वितरित किए। इस अवसर पर श्री कमल मालवीय, श्रीमति अंजना राठौर, श्रीमती अल्का सोलंकी, ऋषिका, दीपिका माहेश्वरी, विद्यालय शिक्षक परिवार व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है - आदरणीय मंत्री श्री गौतम जी टेटवाल

**22 सितम्बर** को वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में सक्षम संगठन द्वारा महामुनि अष्टावक्र जी की जयंती का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री आदरणीय गौतम जी टेटवाल कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व अध्यक्षता आदरणीय साधुराम शर्मा जी सेवा निवरत गन्ना आयुक्त मप्र शासन की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर महामुनि अष्टावक्र जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं पुष्प अर्पित किये।

आदरणीय मंत्री जी ने कहा कि संगठन द्वारा दिव्यांगजनों की जो सेवा की जा रही है वो ही ईश्वर की सच्ची सेवा है महामुनि अष्टावक्र दिव्यांगों के प्रेरणा स्रोत हैं उन्होंने जनक जी की सभा में शास्त्रार्थ में सबको हराकर अपने ज्ञान का परिचय दिया था। सभी दिव्यांग उनसे प्रेरणा लें और अपने आप को कमजोर ना समझे बल्कि सक्षम बने व इस अवसर पर उन्होंने अपने कृषि कॉलेज सीहोर के संस्मरण सुनाए और संदेश दिया कि संगठन के छोटे छोटे सेवा कार्यों से ही व्यक्ति बड़े पदो पर पहुँच सकता है ,आप लोगों ने जो सेवा व्रत लिया है वह अनुकरणीय है जो दिव्यांगजनों की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस अवसर पर आदरणीय साधुराम शर्मा जी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँच सेवा का संकल्प दिलाया व सक्षम के प्रांत युवा आयाम प्रमुख और वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह जी ने सक्षम संगठन व वसुंधरा के कार्यों से अवगत कराया व ज़िले की कार्यकारिणी के नवीन दायित्वों की घोषणा की।

इस अवसर पर सक्षम संगठन के पदाधिकारी श्री ऋषिराज जी, जिला अध्यक्ष श्री एच एन वर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष श्री शैलेंद्र जी चंदेल, जिला सचिव श्री प्रदीप जी नागिया, जिला उपाध्यक्ष श्री आर एस मकवाना, जिला उपाध्यक्ष श्री कैलास जी सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष श्री अशोक सोनी, ज़िला मंत्री श्री कमलेश राठौर, श्री कमल जी धनगर, श्री राहुलजी विजयवर्गीय, युवा आयाम प्रमुख श्री तरुण श्रीवास्तव की उपस्थिति रही ।







# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया डॉ शुभांशु वर्मा जी ने मनाया अपना जन्मदिन

**27 सितम्बर** सीहोर के दंत चिकित्सक डॉ शुभांशु वर्मा जी ने अपनी माँ श्रीमति कविता जी व पिता श्री हरिनारायण वर्मा जी के साथ अपना जन्मदिन वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को मिठाई खिलाकर व फल, चॉकलेट, स्वल्पाहार और गिफ्ट वितरण कर मनाया गया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य व दांत के रखरखाव करने के लिए महीने में एक बार निःशुल्क सेवा देने की बात कही। संस्था उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों से मिलने पहुँचे अनुविभागीय अधिकारी (SDM) आदरणीय तन्मय वर्मा जी

**01 अक्तूबर** को वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कॉलोनी सीहोर में आदरणीय अनुविभागीय अधिकारी श्री तन्मय वर्मा जी व ग्रामीण आजीविका मिशन के ज़िला प्रोग्राम मैनेजर श्री दिनेश वर्फा जी का आगमन हुआ उन्होंने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह जी ने वसुंधरा के कार्यों और विशेष विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। व संस्था के पदाधिकारीयो ने अतिथियों का तुलसी जी के पोधें से स्वागत किया ।

इस अवसर पर आदरणीय अनुविभागीय अधिकारी श्री तन्मय वर्मा जी ने दिव्यांग बच्चों से फेस टू फेस चर्चा की, वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से दिव्यांग बच्चों द्वारा दीपक डैकोरेट (सजावट) करने की सराहना की व उन्होंने संस्था के बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की बात कही।











और ग्रामीण आजीविका मिशन के ज़िला प्रोग्राम मैनेजर श्री दिनेश वर्फा जी ने अपने परिवार के साथ संस्था के बच्चों के लिए Oxygen Concentrator भेंट किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी श्री हरिओम शर्मा दाऊ, श्री ऋषिराज जी, श्री एच एन वर्मा जी, श्री जितेन्द्र जी तिवारी, श्री मुकेश मामा, श्री आर एस मकवाना, श्री अशोक सोनी, श्री कमलेश राठौर, श्री राहुल जी विजयवर्गीय, श्री तरुण श्रीवास्तव, शिक्षक श्रीमती अंजना राठौर, श्री शुभम गुप्ता, श्री रजत ठाकुर (स्माइल. मेड़), श्री रोनिक शर्मा (कोरियर), श्री अनुज तोमर, श्री अभिषेक चंद्रवंशी, श्री दिव्यांश चंद्रवंशी, श्री आकाश चंद्रवंशी, श्री सुमित वर्मा, श्री विवेक राठौर, कृष्णा, सुरभि, यश, महेशान, सोना गुप्ता, तमन्ना, त्यागी, नेहा बाइकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री हरि नारायण वर्मा जी द्वारा किया गया।












# महात्मा गांधी जी की जयंती पर नशा नहीं करने की ली शपथ







**02 अक्टूबर** को वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर में महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर ने बताया कि जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचानें के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए सभी को शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर श्री महेश जी यादव, संस्था के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह व संस्था के स्टाफ़ श्रीमती अंजना राठौर, श्री तरुण श्रीवास्तव, श्री विवेक राठौर व सभी वॉलेंटियर्स श्री अभिषेक चंद्रवंशी, श्री दिव्यांश चंद्रवंशी, श्री आकाश चंद्रवंशी, श्री सुमित वर्मा, महेशान, सोना गुप्ता, महक राय, तमन्ना, त्यागी, नेहा, श्री अनिकेत चंद्रवंशी, यश राठौर, भावना डांगलोलिया व तमन्ना तिवारी ने सीवन नदी पहुँचकर घाट की स्वच्छता कर नागरिकों से मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया ।



## वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग विद्यार्थियों ने दीपक सुसज्जित कर किए दीप डेकोरेशन,आत्मनिर्भर बनने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**21- 23 अक्टूबर** को वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर के दिव्याँग विद्यार्थियों द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर मिट्टी के दीपकों को सुसज्जित किया गया। संस्था के अध्यक्ष अर्जुन सिंह जी ने बताया कि संस्था के विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण के साथ साथ योग, ध्यान, थैरपी, ऑक्युपेशनल थैरपी खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ कराई जाती है संस्था द्वारा विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग भी दी जाती है।

हमने वोकेशनल ट्रेनिंग में इस बार स्पेशल एजुकेटरो द्वारा मिट्टी के दीपकों को सजावट करने संबधी प्रशिक्षण दिया है इस दौरान बच्चो ने मिट्टी के दीपक को पेंटिंग करके आकर्षक बनाकर उसको बेचकर आजीविका चलाने व आत्मनिभर्र बनाने के गुर सिखाए है। जिसका मुख्य उद्देश्य इन दिव्यांग विद्यार्थियों में हुनर विकसित कर एम्पलोयमेंट काउंसलिंग के जरिये इनको रोजगार से जोड़ना होता है जिससे की यह आत्मनिभर्र बन कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके और परिवार पर आश्रित ना होकर परिवार का सहारा बन सके।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने इस दीपावली पर्व के तहत सुसज्जित दीपकों के बॉक्स बनाकर अलग अलग संस्थानों व समुदाय स्तर पर घर-घर जाकर इस दीपावली पर जगमगाहट करने के लिए वितरित करेंगे ताकि इस दिपावली पर दीपकों की जगमगाहट रूपी रौशनी, इन दिव्यांग बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे। शहरवासियों से भी अपील की गई है कि सभी ऐसे बच्चों से दीपक खरीदकर उन्हे प्रोत्साहित करे ताकि दीपावली का त्यौहार उनके लिए खुशियां लेकर आ सके।








# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग विद्यार्थियों से कलेक्टर महोदय ने खरीदे मिट्टी के सुसज्जित दीपक

**25 अक्टूबर** को वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर के दिव्याँग विद्यार्थियों द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर मिट्टी के दीपकों को सुसज्जित किया गया। संस्था के दिव्याँग विद्यार्थियों द्वारा जिले की टी एल मीटिंग जिला पंचायत, कलेक्टेड परिसर सीहोर में सुसज्जित दीपकों का स्टॉल लगाया गया,इस अवसर पर कलेक्टर महोदय श्री प्रवीण सिंह जी व ज़िले के समस्त अधिकारियों ने दिव्याँग विद्यार्थियों से दीपकों की खरीददारी की व कलेक्टर महोदय द्वारा दिव्याँग विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया और सम्मान किया गया।

दिव्याँग विद्यार्थियों द्वारा किए गए सुसज्जित दीपकों को खरीदने हेतु कलेक्टर महोदय ने सभी अधिकारियों को प्रेरित किया । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अर्जुन सिंह जी ने बताया कि संस्था के विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण के साथ साथ योग, ध्यान, थैरपी, ऑक्युपेशनल थैरपी खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ कराई जाती है संस्था द्वारा विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग भी दी जाती है हमने वोकेशनल ट्रेनिंग में इस बार स्पेशल एजुकेटरो द्वारा मिट्टी के दीपकों को सजावट करने संबधी प्रशिक्षण दिया है इस दौरान बच्चो ने मिट्टी के दीपक को पेंटिंग करके आकर्षक बनाया इसके अलावा अलग अलग तरीके से मिट्टी के दीपक को आकषर्क बनाकर उसको बेचकर आजीविका चलाने व आत्मनिभर्र बनाने के गुर सिखाए है।









जिसका मुख्य उद्देश्य इन दिव्यांग विद्यार्थियों में हुनर विकसित कर एम्पलोयमेंट काउंसलिंग के जरिये इनको रोजगार से जोड़ना होता है जिससे की यह आत्मनिभर्र बन कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके और परिवार पर आश्रित ना होकर परिवार का सहारा बन सके।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने इस दीपावली पर्व के तहत सुसज्जित दीपकों के बॉक्स बनाकर अलग अलग संस्थानों व समुदाय स्तर पर घर-घर जाकर इस दीपावली पर जगमगाहट करने के लिए वितरित करेंगे ताकि इस दिपावली पर दीपकों की जगमगाहट रूपी रौशनी, इन दिव्यांग बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।

शहरवासियों से भी अपील की गई है कि सभी ऐसे बच्चों से दीपक खरीदकर उन्हे प्रोत्साहित करे ताकि दीपावली का त्यौहार उनके लिए खुशियां लेकर आ सके ।इस अवसर पर संस्था के दिव्याँग विद्यार्थी, पदाधिकारी श्री हरि ओम शर्मा दाऊ, श्री हरि नारायण जी वर्मा, श्री राहुल जी विजयवर्गीय, श्री कमल मालवीय, शिक्षक अंजना राठौर, श्रीमती अलका सोलंकी, वॉलेंटियर्स महक राय की उपस्थिति रही।



# वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर द्वारा वसुंधरा स्मारिका विमोचन 2025 और दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों का सम्मान समारोह आयोजित किया



**13 जनवरी** को वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर के तत्वावधान में वसुंधरा स्मारिका विमोचन और दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों का सम्मान समारोह क्रिसेंट रिसोर्ट सीहोर आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी, मुख्य अतिथि माननीय नारायान सिंह जी कुशवाह मंत्री सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मध्यप्रदेश शासन भोपाल।



स्वागताध्यक्ष समाजसेवी माननीय अखिलेश जी राय संरक्षक वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, अध्यक्षता समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश जी राय विधायक सीहोर म.प्र., विशिष्ट अतिथि डॉ राघवेंद्र जी शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री भाजपा म.प्र., विशिष्ट अतिथि माननीय सत्येन्द्र सिंह जी लोहिया (पद्म श्री) इंदौर म.प्र.,विशिष्ट अतिथि माननीय मधुर जी विजयवर्गीय (समाजसेवी), एसडीएम श्री तन्मय जी वर्मा, श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सरस्वती जी पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।








वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । जिसमें पावन आतिथ्य अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पू. पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए आशीर्वचन उद्बोधन में मानव सेवा सर्वोत्तम है और इसमें भी दिव्यांगों के लिए कार्य करना महानतम है दिव्यांगों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की वसुंधरा अपने आदर्श कार्य द्वारा समाज में एक नया संदेश प्रस्तुत कर रही है । मुख्यअतिथि मंत्री माननीय नारायण सिंह कुशवाह जी ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और योगदान को सराहा गया। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में समानता, समर्पण और सेवा के भाव को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है। "पद्म श्री" श्री सत्येन्द्र सिंह जी लोहिया ने कहा कि जीवन में जो चला गया उसे सोचते नहीं है व्यक्ति शरीर से नहीं अपनी मन सोच से दिव्यांग होता हैं। कुछ करने के लिए शरीर की ताकत नहीं मन सोच विश्वास और संकल्प होना चाहिए तो दिव्यांग व्यक्ति भी अपने जीवन में हर सफलता को हर ऊंचाइयों को हर सम्मान को प्राप्त कर सकता है









सभी आतिथ्यों की पावन उपस्थिति ने वसुंधरा स्मारिका का विमोचन कर दिव्यांगजनों एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में प्रतिभावान श्री कपिल परमार, श्री देवराज प्रजापति, श्री आदित्य सिजारिआ, श्रीमति नेहा जी विजयवर्गीय, श्रीमति प्राची जी राजपूत सुबेदार, श्रीमति कुंजन जी झंवर, श्रीमति ज्योति जी अग्रवाल, माननीय सेवकराम जी भारती, डॉ बी. के चतुर्वेदी जी, डॉ. आशुतोष जी दीक्षित, डॉ. अनिल जी परमार, डॉ. गगन जी नामदेव, माननीय ज्ञानसिंह जी मेवाड़ा, डॉ. गौरव जी ताम्रकार, डॉ शुभांशु जी वर्मा, माननीय बाबू भाई जी मिस्त्री, माननीय सौरभ जी गुप्ता, माननीय भारत गुप्ता जी, श्री अंकित जी उपाध्याय, माननीय अतुल जी जैन, माननीय गीतेश जी राय, माननीय प्रवीण जी तिवारी, श्री निशांक जी शर्मा, श्री शुभम जी गुप्ता, माननीय गजराज सिंह जी वर्मा, डॉ आर. सी. जैन जी, संस्था सत्य की ओर सीहोर, माननीय कौशल किशोर जी, माननीय शंकर जी प्रजापति, सण्डे का सुकून समस्त टीम, माननीय राजू जी सोनी को सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी शैलेन्द्र जी पवार, तरुण जी बियाणी, साधुराम जी शर्मा, हरीओम जी शर्मा, श्रीमति उमा जी पालीवाल. राहल जी विजयवर्गीय. विनय जी भारती, श्रीमती संतोष विजयवर्गीय जी, शैलेन्द्र जी चंदेल सुनील राघुवंशी, प्रदीप जी साबू, रिसीराज जी शर्मा, अंजना जी राठौर, पिंकी जी मेवाड़ा, अंजली सराफ, लता जी मांझी, संतोष सूर्यवंशी, ज्योति मालवी, गजराज जी मेवाड़ा, भाविका कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, अशोक सोनी, राधेश्याम मकवाना, तरुण श्रीवास्तव, श्री चित्रांस जी सक्सेना, दीपिका मेवाडा, महेक राय, पूर्ति मीना, अलका सोलंकी, दीपक जी विश्वकर्मा, महेशान उमरे, अरुण राजोरिया, कमल मालवीय, सोना गुप्ता, भावना, राखी पटले, रानी रैकवार की उपस्थिति रही।






संस्था अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह द्वारा संस्था संरक्षक समाजसेवी माननीय अखिलेश जी राय द्वारा क्रिसेंट रिसोर्ट के हाल उपलब्ध कराने, रिसोर्ट के स्टॉप, संस्था संयोजक माननीय मधुर विजयवर्गीय, सभी अतिथियों, सभी प्रतिभावान सम्मानजनों, स्मारिका में शुभसंदेश देने वाले आशीर्वाददाताओ, सम्पादक मण्डल, लेखकों, महिला सशक्तिकरण की सभी माताओ बहनों, वरिष्ठ नागरिकों, स्मारिका व कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन की और से आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रदीप नागिया व श्रीमति सुनीता सोनी द्वारा किया गया ।








# वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वसुंधरा स्मारिका 2025 एवं स्मृति चिन्ह भेट किया

**21-24 जनवरी** को समाजसेवी संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर के पदाधिकारियों द्वारा माननीय प्रवीण सिंह अढ़ायच जी, माननीय श्री सुदेश राय विधायक जी एवं माननीय श्री प्रिंस राठौर नगर पालिका अध्यक्ष जी, माननीय श्री अखिलेश जी राय प्रमुख समाजसेवी को वसुंधरा पत्रिका 2025 वा स्मृति चिन्ह भेंट की गई









# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों साथ वसुंधरा विशेष विद्यालय में सीहोर के समाजसेवियो द्वारा झंडा वंदन किया गया









गणतंत्र दिवस **26 जनवरी** के शुभ अवसर पर दिव्यांगजनों के हित में कार्य करने वाली समाजसेवी संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में समाजसेवी माननीय बाबू भाई मिस्त्री जी, संस्था संयोजक समाजसेवी माननीय मधुर विजयवर्गीय जी, समाजसेवी माननीय भारत गुप्ता जी, डॉ. गौरव जी ताम्रकार ने दिव्यांग बच्चों के साथ ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात् माँ सरस्वती जी पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर किया गया। सभी अतिथियों द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी श्री हरीओम जी शर्मा, श्री रिसीराज जी शर्मा, डॉ. महेश जी शर्मा, श्री राधेश्याम जी मकवाना, श्री लोकेश जी राठी, संस्था अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह, अंजना राठौर, संतोष सूर्यवंशी, ज्योति मालवी, भाविका कुशवाहा, अलका सोलंकी, महेशान उमरे, ओजस नेमा, रानी, अंजली तिवारी, रीतिक तिवारी, रानी रैकवार, दीपिका कुशवाह व दिव्याँग विद्यार्थीयों की उपस्थिति रही। श्री हरिओम शर्मा दाऊ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री हरि नारायण वर्मा जी द्वारा किया गया ।

# वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने माननीय रामदास आठवले जी का स्वागत किया

वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने **8 फरवरी** को राजाभोज हवाई अड्डा भोपाल में माननीय रामदास आठवले जी भारत सरकार में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री का स्वागत किया। व होटल अशोक लेकव्यू भोपाल में संस्था के कार्यों को लेकर चर्चा की गई।









# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों से मिलने पहुँचे माननीय राजेश जी शर्मा SDO वन विभाग




**11 फरवरी** को माननीय राजेश जी शर्मा SDO वन विभाग सीहोर अपने स्टाफ के साथ वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों से मिलने पहुँचे और सभी दिव्यांग बच्चों को उन्होंने अपने हाथों से भोजन कराया। इस अवसर पर श्री हरिओम शर्मा दाऊ, श्री हरिनारायण जी वर्मा, श्री चन्द्रशेखर जी जैन, श्रीमति साधना वाजपेयी उपस्थित रही। संस्था अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने उनका आभार व्यक्त किया । समाजसेवी संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन आदरणीय SDO सर के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।








# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के साथ श्रीमति श्वेता मधुर जी विजयवर्गीय ने मनाया अपना जन्मदिवस

**21 फरवरी** को वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजक आदरणीय मधुर विजयवर्गीय जी अपनी माँ जी और सासू माँ के साथ पत्नी श्रीमति श्वेता मधुर जी विजयवर्गीय का जन्मदिवस मनाने दिव्यांग बच्चों के साथ वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर पहुँचे। श्रीमति श्वेता मधुर विजयवर्गीय जी ने विद्यालय पहुँचकर माँ सरस्वती की पूजन अर्चन कर दिव्यांग बच्चों को अपने हाथों से मिठाई, चॉकलेट खिलाकर व सभी विद्यार्थीयों को लंच बॉक्स वितरण किया। इस अवसर पर दिव्यांग विधार्थियों व संस्था परिवार ने श्रीमति श्वेता मधुर विजयवर्गीय जी को तिलक लगाकर व शुभकामना संदेश देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था सलाहकार श्री हरिओम शर्मा जी दाऊ ने अपने शुभकामना गीत के माध्यम से शुभकामनाएँ व आशीर्वाद प्रेषित किया। संस्था श्रीमति श्वेता मधुर विजयवर्गीय जी उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना करती है











# वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर के दिव्यांग बच्चों ने किया ग्राम खारी में जंगल भ्रमण कार्यक्रम

**24 फरवरी** को बिलकिसगंज क्षेत्र के ग्राम खारी में रविवार को उप वन मण्डल अधिकारी सीहोर, SDO राजेश शर्मा जी के सहयोग व प्रयास से समाजसेवी संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय के 15 दिव्यांग बालक - बालिकाओं को वन एवं वन्य प्राणी सामान्य ज्ञान व तालाब वनक्षेत्र में अनुभूति केम्प का भ्रमण किया गया।

जिन्हें उपवन मण्डल अधिकारी राजेश शर्मा जी के वाहन के सहयोग से वन भ्रमण पर लाया गया। रिटायर्ड डिप्टी रेंजर अब्दुल बशीर खान ने बच्चों को बाल सुलम ढंग से पालतू व वन्य प्राणियों की आवाज एवं चित्रों के माध्यम से पहचान कराई गई। बाघ की अनुकृति बनवाई गई । उन्हें आसपास घुमा कर दीमक की बाम्बी, मधुमक्खी छत्ता, मकड़ी की जाल, पेड़ पौधों की जानकारी देने के साथ ही प्राणवायु प्रकृति की पुकार आदि क्रियाएं कराई गई ।








बच्चों ने वन भ्रमण कर और अन्य क्रियाएं कर आनंद उठाया। दोपहर भोजन उपरान्त परिचय, नृत्य, मनोरंजन के क्रिया कलाप कराये गये । श्रीमति गौहर जहां सिद्दीकी डिप्टी रेंजर ने वसुंधरा वेलफेयर फाउन्डेशन सीहोर के "मानव- सेवा, माधव सेवा" कार्यों की प्रशंसा की गई"। उप वन मंडल अधिकारी राजेश शर्मा ने भविष्य में ऐसे आयोजनों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में राजेश जी शर्मा SDO, वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर के संचालक श्री अर्जुन सिंह मेवाड़ा, राजेश जांगड़े सहित नरेन्द्र विश्वकर्मा, विनय टिमरई परिक्षेत्र सहायक बिलकीसगंज, ब्रजेश राठौर प्रभारी बीट खारी, श्रीमति गौहर जहां सिद्दीकी डिप्टी रेंजर, सरिता मेवाड़ा, रानी रैकवार, सोनू वारिया व संस्था के कार्यकर्ता पूर्ति मीना, अंजली तिवारी, रितिक तिवारी, अंजना राठौर, अलका सोलंकी, ओजस नेमा, ज्योति मालवीय उपस्थित रहे।








# वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर के दिव्यांग बच्चों ने उज्जैन में संस्था मनोविकास स्पेशल स्कूल, (एमपीवीएसएस) द्वारा तीन दिवसीय उल्लास 2025 कार्यक्रम मैं भाग

**5-7 मार्च** को उज्जैन में संस्था मनोविकास स्पेशल स्कूल, (एमपीवीएसएस) द्वारा तीन दिवसीय उल्लास 2025 कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें दिव्यांग बच्चों की रैली, संस्कृतिक कार्यक्रम, खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया और खेल कूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल प्राप्त किया वा संस्कृतिक प्रोग्राम में अच्छा प्रदर्शन कर, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट बच्चों ने प्राप्त किया ।

सभी दिव्यांग बच्चों की देखभाल करने के लिए वा उनको भोजन कराने के लिए वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर के संचालक श्री अर्जुन सिंह, अंजना राठौर, ज्योति मालवीय, शीतल मालवीय, ओजस नेमा उपास्थि रहे।














# समाजसेवी आदरणीय बाबू भाई मिस्त्री जी ने वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिवस

**4 मार्च** 2025 को सीहोर के वरिष्ठ समाजसेवी आदरणीय बाबू भाई मिस्त्री जी अपनी पत्नी के साथ अपना जन्मदिन मनाने आज वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर पहुँचे। उन्होंने माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन किया, दिव्याँग बच्चों ने आदरणीय बाबू भाई मिस्त्री जी व भाभी जी का तिलक लगाकर स्वागत किया और जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिव्याँग बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई । तत्पश्चात् आदरणीय बाबू भाई मिस्त्री जी व भाभी जी ने सभी दिव्याँग बच्चों के साथ केक काट कर उन्हें केक खिलाया और बच्चों को मिठाई, चॉकलेट व पानी पीने हेतु बॉटल का वितरण किया। इस अवसर पर आदरणीय बाबू भाई मिस्त्री जी को सभी दिव्याँग विधार्थियों व संस्था परिवार ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की ।

वसुंधरा परिवार के दिव्याँग बच्चों पर आदरणीय बाबू जी का आशीर्वाद सदा बना रहे। बाबा महाकाल आदरणीय बाबू जी व भाभी जी को स्वास्थ्य रखे दीर्घायु दें ।



# वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग बच्चों के साथ डॉ गौरव ताम्रकार जी, बेटे प्रज्ञांशु मालवीय व बेटे अर्नव विश्वकर्मा ने मनाया अपना जन्मदिवस

**23 मार्च** 2025 को वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग बच्चों के साथ आज सीहोर के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ गौरव ताम्रकार जी, श्री भूपेन्द्र विश्वकर्मा जी ने अपने परिवार के साथ बेटे अर्नव विश्वकर्मा और श्रीमति अलका सोलंकी ने अपने परिवार के साथ बेटे प्रज्ञांशु मालवीय का जन्मदिन मनाया। उन्होंने माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन किया, दिव्याँग बच्चों ने सभी को  तिलक लगाकर स्वागत किया और जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिव्याँग बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई ।

तत्पश्चात् सभी दिव्याँग बच्चों के साथ केक काट कर उन्हें केक खिलाया गया और श्री भूपेन्द्र विश्वकर्मा जी द्वारा बच्चों को फल,चॉकलेट व पानी बॉटल, बोंगों, ढोलक, तासा और कूलर का वितरण किया गया। तदुपरांत माननीय राजेश जी शर्मा SDO वन विभाग सीहोर द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों व सभी कार्यकर्ताओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर श्री हरिओम जी शर्मा दाऊ, श्री ऋषिराज जी शर्मा, श्री अर्जुन सिंह, श्री संजय शर्मा व संस्था के कार्यकर्ता रानी रैकवार, सोनू वारिया, श्रीमति दीपिका कुशवाह, अंजना राठौर, अलका सोलंकी, महेशान उमरे, ओजस नेमा,ज्योति मालवीय व दिव्याँग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

